आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की नारी शक्ति अपने दृढ़ साहस, आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर लगातार नई ऊंचाइयां छू रही है। नई दिल्ली में आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक बड़ा निर्णय लेने जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद नया इतिहास रचने जा रही है, जिसमें भूत और भविष्य की महत्वकांक्षाओं को पूरा किया जाएगा।

21वीं सदी के महत्वपूर्ण निर्णय में से एक महत्वपूर्ण निर्णय ये है नारी शक्ति वंदन को समर्पित है, हमारे देश के सांसद एक नया इतिहास रचने के करीब है, एक ऐसा नया इतिहास जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में महिला आरक्षण, अति–आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी, लोकतंत्र को मजबूत करती है। श्री मोदी ने कहा कि पंचायती राज संस्थान महिला नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान में 14 लाख से अधिक महिलाएं स्थानीय, सार्वजनिक निकायों में सेवाएं दे रही हैं।

आज भारत में 14 लाख से अधिक महिलाएं लोकल गवर्नमेंट बॉडी में सफलतापूर्वक काम कर रही है। लगभग 21 राज्यों में तो पंचायतों में उनकी भागीदारी करीब–करीब 50: पर पहुंच चुकी है। लाखों महिलाओं की राजनीति और सामाजिक जीवन में ये सक्रियता दुनिया के बड़े–बड़े नेताओं और राजनीति के विशेषज्ञों को भी बहुत ही हैरान करने वाली बात होती है और इससे भारत का बहुत गौरव बढ़ता है।

****

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज लखनऊ में आयोजित 'सांसद खेल महाकुंभ' समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में खेल जगत में अपनी छाप छोड़ी है। श्री सिंह ने कहा कि बीते ग्यारह वर्षों में खेलों के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हुई है।

यह नया युग विश्व में भारत को सिर्फ एक बड़े खेल शक्ति बनाने भर का ही नहीं है, बल्कि यह खेल के माध्यम से समाज के सशक्तिकरण का भी एक यह नया दौर है।

खेल जगत में हो रहे बदलावों में केंद्र सरकार के योगदान का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने खेल अवसंरचना पर लगभग 5000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि अब बड़ी संख्या में लोग खेलों के क्षेत्र में अपना करियर बनाने की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

****

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के जन भवन में आदर्श माध्यमिक विद्यालय के नये भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विद्यालय माध्यमिक और बेसिक शिक्षा के समन्वय का एक उत्कृष्ट मॉडल है। श्री योगी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में योग्य बनने की क्षमता है लेकिन उसके लिए एक सक्षम योजक की आवश्यकता होती है।

कोई मनुष्य अयोग्य नही है उसमें भी योग्य बनने का सामर्थ्य है। लेकिन उसके लिए योजक चाहिए और योजक के रूप में शिक्षा के लिए आज हमारी गवर्नर मैडम ने उस प्रकार का मॉडल आपके सामने प्रस्तुत किया है कि बेसिक और माध्यमिक किस रूप में उससे प्रेरणा प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर **'हमारा जन भवन'** पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

****

प्रदेश सरकार ने राज्य में श्रमिकों के कल्याण और उनके लिए बेहतर कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित करने के लिए नए उपाय लागू किए हैं। एक रिपोर्ट–

नए निर्देशों के तहत श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन अनिवार्य किया गया है। विशेष रूप से गौतम बुद्ध नगर में इनमें समय पर वेतन का भुगतान और बिना किसी कटौती के दोगुना ओवरटाइम वेतन देना शामिल है। नए दिशा निर्देशों के अनुसार श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश मिलना चाहिए और रविवार को किए गए किसी भी काम के लिए दोगुनी दर से मुआवजा दिया जाना चाहिए। वित्तीय सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उद्योगों को निर्देश दिए गए हैं कि वह हर महीने की 10 तारीख तक एक मुश्त वेतन का भुगतान करें और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए वेतन पर्ची जारी करें। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।

****

मथुरा के वृन्दावन में यमुना नदी में हुए हादसे में मृतको की संख्या बढकर पंद्रह हो गयी है। बचाव दल को आज यमुना में डूबने वाले दो और लोगो के शव मिले हैं । यह हादसा मथुरा में गत शुक्रवार को यमुना नदी में श्रद्धालुओं से भरी नाव के पलटने के दौरान हुआ था। हादसे में लापता एक और श्रद्धालु की तलाश जारी है। नाव में पंजाब से आए श्रद्धालु सवार थे।

****